प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 16.10.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः—

1— केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी को दी मंजूरी—केंद्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता तीन प्रतिशत बढ़ाया गया।

2— राज्य सरकार ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी को मंजूरी दी।

3— राज्य मंत्रिमंडल ने सहकारी समितियों में कार्यरत् डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों को बारह महीने के मानदेय का भुगतान करने का लिया निर्णय—प्रदेश में चौदह नवंबर से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी।

4— रायपुर में आज से शुरू हुआ अखिल भारतीय वन खेलकूद महोत्सव—विभिन्न प्रदेशों के करीब तीन हजार खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा।

....................................................

केंद्रीय मंत्रिमंडल—फैसले

केंद्र सरकार ने आज विपणन सत्र दो हजार पच्चीस—छब्बीस के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य—एमएसपी में बढ़ोतरी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेपसीड और सरसों की फसलों में अधिकतम तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल और मसूर दाल में दो सौ पचहत्तर रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो सौ दस रुपये प्रति क्विंटल और गेंहू का एक सौ पचास रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है।

श्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि की भी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि भत्ते में वृद्धि का लाभ उनचास लाख से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और चौंसठ लाख से अधिक पेंशनभोगियों को मिलेगा।

.................................................

महंगाई भत्ता

राज्य सरकार ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी को मंजूरी दे दी है। प्रदेश में अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता छियालीस फीसदी से बढ़ाकर पचास प्रतिशत कर दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कैबिनेट बैठक से पहले इसकी घोषणा की। महंगाई भत्ते का लाभ कर्मचारियों को एक अक्टूबर से मिलेगा।

.................................................

राज्य मंत्रिमंडल–निर्णय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में चालू खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और कस्टम मिलिंग नीति का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि मंत्रिमंडलीय उप समिति की अनुशंसा के आधार पर राज्य में चौदह नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू करने का निर्णय लिया गया। किसानों से धान खरीदी इकतीस जनवरी तक की जाएगी। उन्होंने बताया कि धान खरीदी के लिए एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से पंजीयन की प्रक्रिया जारी है, जो इकतीस अक्टूबर तक चलेगी। इस वर्ष एक सौ साठ लाख मीटरिक टन धान खरीदी का अनुमान है। श्री साव ने बताया कि धान

खरीदी के लिए चार लाख दो हजार गठान नये जूट बारदाना खरीदने की स्वीकृति दी गई है। धान खरीदी के लिए कुल आठ लाख गठान बारदाने की जरूरत होगी।

बैठक में सहकारी समितियों में कार्यरत् डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों को अट्ठारह हजार चार सौ बीस रूपए प्रतिमाह के मान से कुल बारह महीने का मानदेय भुगतान का निर्णय लिया गया। वहीं, राजनीतिक आंदोलनों के दौरान दर्ज उनचास प्रकरणों को वापस लिए जाने का भी निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ पुलिस में सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग और प्लाटून कमांडर के पद पर नियुक्ति के लिए इस साल की भर्ती प्रक्रिया में केवल एक बार के लिए आयु सीमा में पचास वर्ष की छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है।

...................................................

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–प्रेसवार्ता

चुनाव आयोग द्वारा रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट में उपचुनाव की तारीख का ऐलान करने के साथ ही इस विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि नगर निगम और महानगर होने के कारण रायपुर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू नहीं होगी। इस विधानसभा सीट पर तेरह नवंबर को मतदान होगा।

श्रीमती कंगाले ने बताया कि अट्ठारह से पच्चीस अक्टूबर तक नामांकन भरा जाएगा। इस विधानसभा क्षेत्र में दो सौ तिरपन मतदान केंद्र बनाए जाएंगे, जिनमें से दस संगवारी मतदान केंद्र, पांच आदर्श मतदान केंद्र और पांच युवा मतदान केंद्र होंगे। मतदान के दौरान सुरक्षा के लिए पांच कंपनियां तैनात की जाएंगी।

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट में उपचुनाव के लिए संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। वहीं, तहसीलदार राकेश देवांगन और अतिरिक्त तहसीलदार विनोद कुमार साहू को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है।

.................................................

प्रधानमंत्री–सदस्यता अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता के रूप में उन्हें पहला सक्रिय सदस्य बनने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह एक आंदोलन है, जो जमीनी स्तर पर भाजपा को और मजबूत करेगा तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सक्रिय सदस्य बनने के लिए कार्यकर्ता को एक बूथ या एक विधानसभा सीट पर पचास सदस्यों को पंजीकृत करना होगा।

.................................................

वन खेलकूद महोत्सव

सत्ताईसवां अखिल भारतीय वन खेलकूद महोत्सव आज से रायपुर में शुरू हो गया है। कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में आयोजित शुभारंभ समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में राज्य के उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, खेल मंत्री टंकराम वर्मा और बिहार के वन मंत्री प्रेम कुमार के साथ भारतीय टी–ट्वेंटी क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव उपस्थित थे।

इस प्रतियोगिता में उनतीस राज्यों और दस केंद्रशासित प्रदेशों के दो हजार तीन सौ इकतीस पुरुष खिलाड़ी और पांच सौ पचासी महिला खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर खिलाडियों ने आकर्षक

मार्चपास्ट किया। वहीं, स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। पांच दिवसीय इस महोत्सव का समापन बीस अक्टूबर को राज्यपाल रमेन डेका की उपस्थिति में होगा।

....................................................

<u>सूरजपुर/कवर्धा–हत्या मामला</u>

सूरजपुर दोहरे हत्याकांड मामले में सरगुजा रेंज के आईजी अंकित गर्ग ने खुलासा किया है कि इस घटना को पांच आरोपियों को मिलकर अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि कुलदीप साहू समेत पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें एनएसयूआई का जिला अध्यक्ष सी.के. चौधरी भी शामिल है।

वहीं, कबीरधाम जिले के लोहारीडीह गांव में हुई घटना के मामले में बालाघाट पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बालाघाट पुलिस ने पत्रकारवार्ता आयोजित कर इस घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने संबंधित संदेहियों की जानकारी मिलने के बाद मोबाइल लोकेशन के जरिये आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि बीते पंद्रह सितंबर को कवर्धा के बिरसा थाना क्षेत्र के ग्राम रेलवाही बीजाटोला के जंगल की ओर सड़क किनारे कचरू साहू की पेड़ पर लटकी लाश मिली थी।

....................................................

<u>सरकारी जमीन फर्जीवाड़ा</u>

रायपुर जिले के खमतराई में ग्यारह एकड़ सरकारी जमीन की खरीदी–बिक्री के मामले में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, जिनमें से सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, एक

आरोपी की गिरफ्तारी होना बाकी है। इस जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने बीते रविवार को कार्रवाई की थी।

..................................................

बलौदाबाजार–एडमिशन

बलौदाबाजार जिले के पुराना खर्वे गांव में मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के नाम पर चालीस लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित से दस लाख रूपये नगद और तीस लाख रूपये ऑनलाइन लिए। आरोपी पैसे लेकर पीड़ित को एक साल से चकमा दे रहा था। इसके बाद पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की। प्रार्थी की शिकायत पर कसडोल पुलिस ने मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

..................................................

बस्तर दशहरा

विश्व प्रसिद्व बस्तर दशहरा अब अपने अंतिम दौर में पहुंच चुका है। इसके तहत आज कुटूम्ब जात्रा पूजा संपन्न हुई। इस विधान के तहत जगदलपुर के गंगामुण्डा पारा स्थित महात्मा गांधी स्कूल परिसर में बस्तर दशहरा में शामिल होने आए विभिन्न देवी–देवताओं की विधि–विधान पूर्वक पूजा–अर्चना करने के बाद उन्हें ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर बस्तर सांसद और बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, मांझी, चालकी, परगनिहा और बड़ी संख्या में श्रद्वालु उपस्थित थे। बस्तर दशहरा के तहत उन्नीस अक्टूबर को बस्तर की आराध्य देवी मां दन्तेश्वरी के छत्र और मावली माता की डोली की विधि–विधान पूर्वक पूजा–अर्चना के बाद ससम्मान

विदाई की जाएगी। मांई जी की डोली और छत्र की विदाई के साथ विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे का समापन हो जाएगा।

...................................................

संक्षिप्त समाचार
और अब कुछ खबरें संक्षेप में–

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन कल सत्रह अक्टूबर को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

– छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने बीस अक्टूबर को होने वाले सहायक सांख्यिकी अधिकारी और प्रयोगशाला सहायक की भर्ती परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है।

– बेमेतरा जिले के चेचानमेटा गांव में बीते तेरह अक्टूबर को हुए विवाद के मामले में साजा विधायक ईश्वर साहू के बेटे कृष्णा साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>